## खबर संक्षेप

### अब सहजयोगियों को आश्रम आने जाने में नहीं होगी परेशानी

**छिंदवाड़ा।** परमपूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी सहज योग ट्रस्ट द्वारा माताजी का 102 वां जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।पिछले दिनों सांसद बंटी विवेक साहू ने परिवार सहित लिंगा सालीमेटा के आश्रम में पहुँचकर माताजी के छाया चित्र में माथा टेका था। और जिलेवासियों के लिए सुख समृध्दि की कामना की थी। इस दौरान ट्रस्ट के प्रमुखजनों एवं सहज योगियों ने सांसद श्री साहू के समक्ष आश्रम तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण आने जाने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया था। साथ ही सड़क निर्माण के लिए सांसद निधि की मांग की थी। लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे, जनपद सदस्य विपिन कराड़े एवं लिंगा सरपंच रूपेश कराड़े की अनुशंसा पर सांसद श्री साहू ने सड़क निर्माण के लिए 5 लाख की राशि अपनी सांसद निधि से स्वीकृत कर दी है।

### सांसद आज पांढुर्णा में लेंगे दिशा समिति की बैठक

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू 22 मार्च को पांढुर्णा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक दोपहर 2 बजे से लेंगे। जिसमें वे पांच प्रमुख विभागों के कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विकास कार्यो की जानकारी लेंगे।

### श्री यादव जिला प्रभारियों की बैठक में हुए शामिल

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव शुक्रवार को जबलपुर संभागीय कार्यालय में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा की अध्यक्षता में जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारियों की आयोजित संभागीय बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव शामिल हुए। संभागीय कार्यालय जबलपुर में आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानन्द शर्मा ने भाजपा की जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं आजीवन सहयोग निधि के जिला प्रभारियों से समर्पण और सेवा ही हमारा संकल्प के विषय को लेकर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर दिशा निर्देश दिए।

### घटना के बाद में तेंदुए को लेकर ग्रामीण परेशान, वनविभाग ने ग्रामीणों से की सतर्कता की अपील

# रोहना में तेंदुए का आतंक, 3 बकरियों, बछड़े का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



वनपरिक्षेत्र के कुड्डम बीट में जंगल से लगे रोहणा तेंदुए के द्वारा मवेशियों का शिकार करने की प्राप्त जानकारी प्राप्त हुई हैसूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसान शेषराव डोईजोड के खेत मे स्थित मवेशीयो के कोठे से तेंदुए ने बिती रात तीन बकरीयो सहीत एक गाय के बछडे का शिकार किया है।मौके पर पहुंचे परिक्षेत्र के अमले ने घटना का निरिक्षण कर पगमार्क के आधार पर तेंदुए के होने कि पुष्टी की है. किसानो के मुताबिक रोहणा सहीत आसपासा के गांवो मे तेंदुए का मुवमेंट लगातार बना हुआ है. बताया गया कि इस क्षेत्र मे एक माह के भीतर शिकार कि यह तिसरी घटना है. वनअमले ने घटना का पंचनामा बनाकर मुआवजे के लिए प्रकरणतैयार कर वरिष्ठ अधिकारीयो को भेज दिया है. वनपरिक्षेत्र अधिकारी शिवशंकर चतुर्वेदी का कहना है कि वन अमला तेंदुए के मुवमेंट पर नजरे बनाए हुए है तथा किसानों को सतर्क रहने कि सलाह दी जा रही है. वन अधिकारी श्री चतुर्वेदी ने बताया कि, जरूरत पड़ी तो कैमरे लगाकर तेंदूए कि गतिविधीयो पर नजर रखी जाएगी,बहरहाल लगातार हो रही शिकार कि घटनाओ से किसानो मे दहशत का माहौल है उन्होने विभागीय अधिकारीयो से पिंजारा लगाकर तेंदुए को पकडने कि मांग की है.ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदुए की दस्तक के बाद में वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा भी ग्रामीणों को सतर्क एवं रात्रि में खेतों कोठो में नहीं रहने की अपील की गई है।

### चांदामेटा में रहता था युवक

# साफ्टवेयर इंजीनियर की इंदौर में सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

चांदामेटा निवासी राहुल उर्फ सैंकी वस्त्राणे की इंदौर में एक सड़क हादसे में मौत हो गई । जिसका अंतिम संस्कार शुक्रवार को चांदामेटा स्थित मोक्षधाम में किया गया । चांदामेटा वार्ड नंबर 7 पुलिस थाने के सामने निवास करने वाले पूर्व पार्षद सिविल इंजीनियर कुंवरलाल वस्त्राणे के बड़े पुत्र 37 वर्षीय राहुल उर्फ शैंकी वस्त्राणे सॉफ्टवेयर इंजीनियर जो इंदौर में रहकर एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत था । बुधवार रात्रि वे अपने एक साथी राहुल के साथ बाइक पर सवार होकर इंदौर के कनाड़िया ब्रिज से गुजर रहे था , इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी । हादसे में साफ्टवेयर इंजीनियर शैंकी के सिर पर गंभीर चोटें आई । जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां । जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । वहीं उसका साथी राहुल का उपचार जारी है । कनाड़िया पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है । बुधवार रात्रि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही वस्त्राणे परिवार इंदौर के लिए रवाना हुआ । जहां पहुंचने पर उन्हें शैंकी की मौत होने की जानकारी लगी । इंदौर पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों के सुपुर्द किया । जिसे बाद में चांदामेटा लाया गया । शुक्रवार प्रातः 11 बजे वार्ड क्रमांक सात स्थित मोक्षधाम में परिजनों एवं इष्टमित्रों सहित नगर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शैंकी वस्त्राणे का अंत्येष्टि की गई । परिजनों ने बताया , कि शैंकी पिछले सप्ताह होली में घर आए हुए थे और 2 दिन पहले ही इंदौर गए हुए थे ।



# नपाध्यक्ष ने किया नलकूपों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने शुक्रवार को खिरसाडोह के नलकूपों का निरीक्षण किया। इंजिनियर राजेंद्र सोनी के साथ नलकूपों का निरीक्षण कर उन्होंने गर्मियों में पानी की व्यवस्था बनाने निर्देष दिए। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बोर में मोटर डालने, नए पैनल लगाने और कुछ बोर में तार खींचने के निर्देष दिए।गौरतलब है कि नगर पालिका के न्यूटन बांध का कैचमेंट एरिया बेहद कम है। इस बांध में पानी खत्म होने की कगार पर है। इसलिए पूरी व्यवस्था खिरसाडोह के नलकूपों पर निर्भर होगी। खिरसाडोह में बारह नलकूप है। इन नलकूपों में भी पानी कम हो गया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बोर में पाईप बढाने के निर्देष दिए जिससे पानी बढे। इसके अलावा दो बोर में मोटर डालने के लिए कहा। तत्काल बोर में मोटर डालने का काम शुरू हो गया है। चार बोर में पैनल डालने और दो बोर में तार खींचने के निर्देष दिए गए। नगर पालिका के जल प्रभारी असद खान इस दौरान उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि इस बार गर्मियों से पहले बारिष नहीं हुई है। जिससे परेषानियां बढने के आसार है। इसलिए गर्मियों में परेषानियों को कम करने निरीक्षण कर व्यवस्था बनाने के निर्देष दिए गए।

## यातायात पुलिस ने लापरवाह वाहन चालकों के काटे चालान

**छिंदवाड़ा।** उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह मार्च 2025 एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों के उल्लघंनकर्ता वाहन चालकों के विरूद्ध हेल्मेट एंव सीट बेल्ट आदि शीर्ष मे प्रभावी कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पांडे के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में कार्य. रक्षित निरीक्षक राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात जिला छिन्दवाडा द्वारा आज दिनांक 21.03.2025 को छिंदवाड़ा पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहो पर विशेष यातायात ₹जाँच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात के नियमो के पालन को सुनिश्चित करना और सडक सुरक्षा को बढावा देना था। इस अभियान मे थानो एवं यातायात व्दारा कार्यवाही कर संयुक्त रुप से निम्नलिखित कार्यवाही की गई 1. हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालको के खिलाफ प्रकरण 49 समन शुल्क 14,700 रूपये, 2. वाहन चालको व्दारा सीटबेल्ट न पहनने पर 20 चालको के विरूध्द समन शुल्क राशि 10,000 रूपये, 3. वाहन मे नंबर प्लेटविधिवत न होना प्रकरण 04 पर 2000 रूपये, 4. वाहन चालक व्दारा वाहन के दस्तावेज पेश न करना प्रकरण 02 पर 1000 रूपये, 5. नोपार्किंग मे वाहन खडा होना प्रकरण 03 पर 1500 रूपये, 6. वाहन चालक व्दारा यातायात संकेतो का उल्लंघन करना प्रकरण 02 पर 1000 रूपये, 7. वाहन मे बिना अनुमति सर्च लाईट लगाना महंगा पड़ा।

## अग्नि पीड़ित किसानों से मिलने पहुंचे जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, हर संभव मदद का दिया आश्वासन



**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरिया, बिलहरा, खिरैटी की खड़ी फसलों में कल शाम अचानक आग लग गई थी। इस तरह खड़ी फसलों में आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ। सांसद श्री विवेक बंटी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव और अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह के निर्देश पर भाजपा जिला महामंत्री श्री टीकाराम चंद्रवंशी द्वारा राजस्व अधिकारी और कर्मचारी के साथ मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसानों से मुलाकात की और सांसद श्री विवेक बंटी साहू भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव और विधायक राजा कमलेश शाह को फोन के माध्यम से स्थिति से अवगत करवाया गया साथ ही वरिष्ठों की ओर से हर संभव मदद के देने के लिए आश्वस्त किया गया। जिला महामंत्री श्री टीकाराम चंद्रवंशी द्वारा निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार श्रीकांत भूरिया, हल्का पटवारी प्रफुल्ल डेहारिया जतिन कुमार से चर्चा कर शासन की ओर से अधिक से अधिक मदद पीड़ित किसानों को दिलाई जाने की बात की साथ ही पीड़ित किसानों को सांसद एवं विधायक अमरवाड़ा की ओर से अधिक से अधिक मदद दिलवाने का आश्वाशन दिया । इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी के साथ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, खिरेटी सरपंच बंटी इंगोल, जरासंध चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, अनुभव परिहार, रामेश्वर दुबे ,चैन सिंह चंद्रवंशी, महेंद्र सिंह परिहार, राजा राजपूत, विद्यमान चंद्रवंशी, कारण चंद्रवंशी ,बीरबल चंद्रवंशी ,सत्येंद्र परिहार, विलास राम वर्मा एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे।

## आईआईएमआर कैचमेंट एरिया के अंतर्गत खेत दिवस मनाया



**छिंदवाड़ा।** भारत में इथेनॉल का उत्पादन बढ़ाने के लिए भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान आईआईएमआर , लुधियाना ने इथेनॉल उद्योगों के जल ग्रहण क्षेत्र में मक्का उत्पादन वृद्धि नामक प्रोजेक्ट शुरू किया हुआ है जिसके तहत शुक्रवारको को चौरई तहसील के केदारपुर खुर्द गांव में खेत दिवस मनाया गया। जिसमें किसानों को मक्का की उन्नत खेती की जानकारी कृषि महाविद्यालय चंदनगाव के अधिष्ठाता डॉ शर्मा ने विस्तार पूर्वक किसानों को समझाया की समय पर बुआई व निराई गुड़ाई करने एवं उन्नत किस्मों व कीट, रोग प्रबंध के बारे में बताया। अधिष्ठाता डॉ शर्मा के द्वारा मक्का उत्पादक किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया । और मौसम वैज्ञानिक डॉ सन्त शर्मा ने किसानों को मौसम की उपयुक्त जानकारी दी व किसानों को उचित समय पर मक्का की कटाई एवं भंडारण के बारे में बताया। उपयुक्त कार्य क्रम का सफल संचालन यंग प्रोफेशनल मनीष चौधरी के द्वारा अधिष्ठाता डॉ शर्मा के मार्गदर्शन में किया।इस कार्यक्रम में गुलशन पोलियोलस लिमिटेड के अनिल दीक्षित व प्रवीण श्रीवास्तव एवं आंचलिक कृषि अनुसंधान केंद्र चांदनगांव के अधिकारी नितेश रांगडाले व कालूराम मईडा उपस्थित रहे।

## शासकीय कॉलेज दमुआ की स्वयंसेविका संतरी ने राज्य स्तरीय शिविर में की ससहभागिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ की एनएसएस की सक्रिय स्वयंसेविका संतरी बोसम ने 2 मार्च से 8 मार्च 2025 तक अमरकंटक में आयोजित राज्य स्तरीय एनएसएस विशेष शिविर में सहभागिता कर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया।इस शिविर में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जहाँ युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व विकास, सामुदायिक सेवा तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान की भावना से प्रेरित करने हेतु अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं।संतरी बोसम ने इस दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, योग प्रशिक्षण, समूह चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा समुदाय सेवा जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को ग्रामीण जीवन से जुड़ने और समाज के प्रति अपनी भूमिका समझने का भी अवसर मिला।महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ने संतरी बोसम की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## पीएम को आदिवासी बहनों के हाथों से बनी फूलों के गुलाल, लड्डू किए भेंट

### दिल्ली में सांसद बंटी विवेक साहू ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से व्यक्तिगत मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को सौ दिवसीय सेवा संकल्प पर आधारित बनाई गई स्मारिका भी भेंट की। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने स्मारिका को ध्यान पूर्वक देखा और पढ़ा।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के विकास को लेकर चर्चा करते हुए अपनी कुछ मांगें भी रखी। जिसमें प्रमुख रूप से छिंदवाड़ा के विकास के लिये अति-महत्वपूर्ण परियोजना छिंदवाड़ा- नरसिंहपुर- सागर तक रेल्वे लाइन बिछाने की भी माँग की।

सांसद श्री साहू ने बताया कि शुक्रवार को हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाक़ात का सौभाग्य प्राप्त हुआ। माननीय प्रधानमंत्री जी की सादगी से अभिभूत हूँ, उन्होंने मुझे जो मार्गदर्शन दिया वो मेरे लिये संकल्प है ,उन्हीं संकल्पों को पूरा करते हुये जनकल्याण,ग़रीब कल्याण एवं छिंदवाडा- पांढुर्णा के विकास के लिये मेरा जीवन समर्पित है। प्रधानमंत्री का अभिनंदन सौंसर के बुनकर भाइयों के हाथों से बने हुए अंग वस्त्र से किया। प्रधानमंत्री को पातालकोट, तामिया की बहनों के हाथों से बनी फूलों की गुलाल एवं महुआ के लड्डू भेंट किये। स्वसहायता समूहों की बहनों के हाथों से बने मिलेट्स के बिस्किट भी भेंट किये।

### सांसद ने प्रधानमंत्री को भेंट की स्मारिका

पिछले दिनों प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर से पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती 25 दिसंबर तक आयोजित 100 दिवसीय स्वास्थ शिविर की विस्तृत जानकारी एवं स्मारिका भेंट की।

# सभी टीमें जागरूक और हमेशा तैयारी की स्थिति में रहें - कलेक्टर

### आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण का द्वितीय सत्र सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शासन के निर्देशानुसार जिला एवं तहसील स्तरीय रिस्पॉन्स टीम और सभी टास्क फोर्स की दक्षता उन्नयन के लिए 19 से 27 मार्च तक विभिन्न तिथियों में आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इंसीडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम पर विस्तृत प्रशिक्षण 19 मार्च को प्रदाय करने के बाद आज प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में औद्योगिक एवं रासायनिक दुर्घटना और अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना से बचाव एवं राहत तकनीक पर विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था, जिसमें जिला स्तरीय रिस्पॉन्स टीम एवं जिला स्तरीय इंडसट्रियल/केमिकल एक्सीडेंट रिलेटेड टास्क फोर्स सभाकक्ष में उपस्थित थी, जबकि तहसील स्तरीय इंसीडेंट रिस्पॉन्स टीम वीसी के माध्यम से प्रशिक्षण में शामिल हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी टीमों को प्रशिक्षण का लाभ उठाते हुए हमेशा जागरूक एवं आपदा प्रबंधन के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। औद्योगिक दुर्घटनाओं एवं खतरनाक रसायनों के परिवहन में होने वाली दुर्घटनाओं के दौरान राहत एवं बचाव तकनीकों के संबंध में प्रशिक्षण हिन्दुस्तान यूनिलिवर के श्री सलिल श्रीवास द्वारा दिया गया।

## गुरैया रोड पर कार क्षतिग्रस्त, कार सवार, चालक बाल-बाले बचे

**छिंदवाड़ा।** शहर में शुक्रवार शाम 6 बजे गुरैया नाका समीप कलेक्टर बंगले में बाजू में लगी डीपी में एक तेज रफ्तार कार (**MP**28**ZA**0551) जा टकराई। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। कार चालक और कार में बैठे अन्य सभी सुरक्षित है। शायद करंट फैलने से कार में आग लग सकती थी, इतना ही बिजली के तारों के टूटने से आने जाने वाले लोगों परे गिरने से करंट की चपेट में आ सकते थे। गुरैया पहुंच मार्ग पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से यहां से वाहन बेलगाम गति निकल रहे है। जो कभी भी किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकते है। बता दें कि जबसे चौड़ी करण हुआ है। तब से यहां से निकलने वाले वाले सभी प्रकार के वाहनों की गति बढ़ गई है। ऐसे में यहां दुर्घटनाओं की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर की अत्यंत आवयकता है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो बडे हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।



### जैविक खेती से कामयाबी की इबारतः नरेन्द्र ठाकरे की संतरा क्रांति

# प्रगतिशील किसान नरेंद्र ने संतरे की फसल से कमाए लाखों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



पांढुर्णा जिले के ग्राम तिगांव के प्रगतिशील किसान श्री नरेन्द्र ठाकरे ने अपने सतत प्रयासों और नवाचार से जैविक खेती में मिसाल कायम की है। श्री ठाकरे, जो कि एक समर्पित किसान हैं, ने अपनी 5.188 हेक्टेयर कृषि भूमि पर संतरा, मक्का, तुअर, कपास, मिर्च और शिमला मिर्च जैसी फसलों की खेती करते हुए अपनी पहचान बनाई है। साथ ही, उनके पास 35 पशुधन भी हैं, जिनका समुचित देखभाल कर वे जैविक खाद उत्पादन में भी योगदान दे रहे हैं।

कृषक श्री ठाकरे ने आत्मा परियोजना के मार्गदर्शन में कई वर्षों से जैविक खेती को अपनाया है। अपनी खेती में वे किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों या कीटनाशकों का उपयोग नहीं करते हैं। उनके अनुसार, ₹जैविक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि हमारी सेहत और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखती है।₹

कृषक श्री ठाकरे ने अपने खेत में 30 से अधिक वर्मीपिट तैयार किए हैं, जिससे वे जैविक खाद का निर्माण कर अपनी फसलों को पोषक तत्व प्रदान करते हैं। इसके अलावा उन्होंने चार एजोला टैंकों का निर्माण किया है, जिसका उपयोग वे पशुओं के चारे के रूप में करते हैं और पानी का प्रयोग फसल वृद्धि के लिए प्राकृतिक उत्प्रेरक के रूप में करते हैं।

पशुओं के लिए पोषक चारे की व्यवस्था के लिये कृषक श्री ठाकरे ने नेपियर घास की भी खेती शुरू की है। कीट प्रबंधन के लिए वे परंपरागत तरीकों जैसे गौमूत्र, नीम काढ़ा, सड़ा हुआ छाछ और विभिन्न पत्तियों का उपयोग कर अपनी फसलों को प्राकृतिक रूप से सुरक्षित रखते हैं। इस बारे में वे कहते हैं, ₹रसायनों पर निर्भरता कम करके हम अपनी मिट्टी को फिर से जीवंत बना सकते हैं, जिससे फसल का स्वाद और गुणवत्ता दोनों ही बेहतरीन होती है।

कृषक श्री ठाकरे के खेत में लगभग 2000 संतरे के पौधे हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख रुपये की शुद्ध आय प्राप्त होती है। इसके अलावा, मक्का, तुअर और अन्य सब्जियों की फसलों से उन्हें करीब 2.5 लाख रुपये की अतिरिक्त आमदनी भी होती है। खास बात यह है कि श्री ठाकरे को अपने संतरे को जिले की मंडी तक ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि उनके संतरे की उत्कृष्ट गुणवत्ता के चलते व्यापारी स्वयं उनके खेत में आकर संतरे खरीदते हैं।

## बेरडी में आकर ही क्यों कर रहे थे जमीन खुदाई, हो रही चर्चाएं

# ग्रामीणों ने खुदाई करने आए दो लोगों को पहुंचाया थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

शुक्रवार को सौसर थाने में बेरड़ी के ग्रामीणों ने बाहरी लोगों के द्वारा रात्रि के समय में ग्राम बेरडी में अवैध रूप से जमीन खुदाई करने को शिकायत की है,इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड,भाजपा नेता पप्पू सेलुकर, आदि के द्वारा सौसर थाने में पहुंचकर मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात्रि बेरडी क्षेत्र के प्रसिद्ध विठ्ठल मंदिर से कुछ दूरी 8 से 10 लोगों के द्वारा तिकास सब्बल, घमेले,लेकर जमीन में खुदाई की जा रही थी। रात्रि के समय में अनजान लोगों के द्वारा जमीन खुदाई करते हुए नजर आए, इसके बाद में यहां पर खुदाई कर रहे लोगों से युवाओं ने बातचीत करने का प्रयास किया तो वह सामान छोड़कर भागने लगे, इस दौरान दौरान ग्राम के युवाओं के साथ में खुदाई करने वाले युवाओं की तू तू मैं मैं भी हुई है। मामले को देख खुदाई करने वाले लोगों ने सामग्री छोड़कर भागने लगे,जिस पर ग्रामीणों के द्वारा दो लोगों को पीछा करते हुए पकड़ा गया है।घटना की जानकारी सौसर पुलिस को देने के बाद में मौके पर पहुंचकर पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद में बेरडी के युवाओं के द्वारा सौसर थाने में आकर पूरे मामले की जानकारी दी। 8 से 10 लोगों के ग्राम में आकर किस उद्देश्य से खुदाई की जा रही थी,बाहरी लोग बेरडी में ही क्यों आये, यहां पर खुदाई के लिए आए लोगों को ग्राम के किन लोगों ने बुलाया था। ऐसे अनेक प्रश्नों पर पुलिस पकड़े गए दोनों लोगों से पूछताछ की जा रही है। सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके ने बताया बेरडी के ग्रामीणों के द्वारा रात्रि के समय में मंदिर परिसर से कुछ दूरी पर बड़ी लोगों के द्वारा खुदाई करने की शिकायत की है। जिसमे खुदाई करने आए दो लोगों से पूछताछ की जा रही है।



## क्रांतिकारी वीर जवानों को श्रद्धांजलि हेतु स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 26 को

**जुन्नारदेव।** नीफा संस्था के मार्गदर्शन में संपूर्ण देश में तथा जुन्नारदेव नगर में स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति खापा स्वामी नव अंकुर संस्था ब्लॉक जुन्नारदेव सेक्टर 2 संगठन के द्वारा शहीद दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस रक्तदान शिविर के माध्यम से क्षेत्र के मरीजो गर्भवती महिलाएं रोड एक्सीडेंट आदि को आवश्यकता होती है। उसे निःशुल्क रक्त दिया जाएगा ।

दिनांक 26 मार्च 2025 दिन बुधवार स्थान ग्राम पंचायत खाप स्वामी भवन में समय सुबह 10:10 बजे से शाम 4:00 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।क्षेत्र के समस्त सामाजिक धार्मिक राजनीतिक पत्रकार बंधुओ व्यापारी बंधुओ युवा छात्र-छात्राओं युवा साथियों माता बहनों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर रक्तदान करें ।किसी का जीवन बचाने में अपना रक्त देकर सहयोग प्रदान करें। रक्तदाता रक्त वीरों का नाम भी वर्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होगा।

## प्रदेश सरकार के बजट सत्र के दौरान विधायक सुनील ने उठाया स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा

**जुन्नारदेव।** विधायक सुनील उइके ने गुरुवार बजट सत्र पर चर्चा के दौरान क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हर घर नल जल योजना पर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया ।उन्होंने कहा कि जुन्नारदेव में अधिकतर लोग इलाज कराने अस्पताल में पहुँचते है लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में उन्हें निराश होना पड़ता है । जुन्नारदेव के सीएचसी स्तर के हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सको की कमी है । महिलाओं और बच्चों के विशेषज्ञ चिकित्सको की मांग यहाँ बीस पच्चीस वर्षो पुरानी मांग है जो अभी तक पूरी नही हो सकी । आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जुन्नारदेव की स्थिति से आप प्रदेश की स्थिति का अंदाजा लगा सकते है । निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में हजारो की संख्या में उमड़ पड़ते है मरीजविधायक सुनील उइके ने सदन की चर्चा में कहा कि क्षेत्र में जब कभी भी निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होते है मरीज हजारों की संख्या में उमड़ पड़ते है इसी से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति समझी जा सकती है । यदि मौजूदा सरकारी अस्पताल में उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलती तो फ्री मेडिकल कैम्प में इन मरीजो की संख्या कम होती ।सीएचसी जुन्नारदेव को सिविल अस्पताल में अपग्रेड करने की मांग कीविधायक सुनील उइके ने सदन को अवगत कराया कि जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र भौगोलिक नजरिए से प्रदेश की सबसे बड़ी विधानसभा है जो लगभग 175 किमी क्षेत्र में फैली हुई है । ऐसे में जुन्नारदेव के सीएचसी अस्पताल को सिविल अस्पताल में अपग्रेड किया जाता है तो यह जनता के स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा होगा ।आयुष्मान योजना अच्छी लेकिन निजी अस्पताल गरीबो को लूटते हैसदन में चर्चा के दौरान विधायक ने आयुष्मान योजना की तारीफ करते हुए स्वीकारा कि यह गरीबो के लिए बेहतर है।

## अंतर सदन प्रतियोगिता में विद्यार्थी दिखा रहे खेल प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के क्रीडा विभाग द्वारा खेलों में छात्रों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हेतु अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 13 मार्च 2025 से किया गया है जिसमें वर्तमान में खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपनी खेल प्रतिभा दिखा रहे हैं। महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी नीरज पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों में पारंगत करना है वर्तमान में विद्यार्थियों के लिए बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी ,क्रिकेट, कैरम, शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता की मुख्य थीम शारीरिक शिक्षा एवं खेलों में रोजगार के अवसर पर खेलों में कैरियर के अवसर के बारे में मुख्य अतिथि डॉ पी अजवानी व संस्था प्रमुख डॉक्टर ए के टांडेकर, प्रोफेसर आर डी वाडींवा, डॉ संगीता वाशिंगटन, डॉक्टर रश्मि नागवंशी व डॉक्टर सोनगरा द्वारा विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों को अच्छे खेल प्रदर्शन करने हेतु उपस्थित होकर प्रेरित किया। शुक्रवार को बैडमिंटन एवं कैरम में विद्यार्थियों ने अपना हुनर दिखाया।प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय के विद्यार्थी एवं खिलाड़ी नमन साहू, हिमांशु डेहरिया ,ऋतिक मोगरे, अमन गजभिए, आयुष ,जयेश सोनी, अंबिका धुर्वे, हर्ष लता व ममता ठाकुर का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

## पेंशनर समाज की अप्रैल में वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति बनी

**जुन्नारदेव** :सरस्वती शिशु मंदिर में पेंशनर समाज की बैठक का आयोजन किया गया ।जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं देकर होली मिलन समारोह मनाया। इस दौरान बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श करके कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं जो इस प्रकार हैं। अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में वार्षिक सम्मेलन आयोजित करने हेतु आर्थिक सहायता राशि एकत्र करने पर सहमति बनी। इस कार्यक्रम में जे. एल. आहके अध्यक्ष शाखा जुन्नारदेव आर. एस परिहार अध्यक्ष शाखा दमुआ, ग्यास-लाल नरें, डी. के शर्मा पूर्व अध्यक्ष, अंकित कुरैशी, पी. एल. सल्लाम, श्रीमति स्वर्ण लता चौवे, रमेश बघेल कर, एन. के तिवारी, बी. आर जामगढे आर. एस. धुर्वे किशोर आमूले, पूरन सिंह धुर्वे, एस. के.यादव अवधेश विश्वकर्मा अनुपसिंग चौहान, ए. एस. चौरिया जी.एस. खान नन्हेलाल उइके व्ही. पी. अग्रवाल, जे.पी यदुवंशी श्रीमती नलिनी, लक्ष्मी बघेल, श्रीमति सरस्वती बुनकर, अशोक घोष, आर. के. चौधरी, कुमारी फूला माहोरे, के. के. सोमकुंवर गोपाल प्रसाद महोविया, एस.के यादव उपस्थित रहे।



## सिंगोड़ी में विशाल पट प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

रंगपंचमी के दूसरे दिन सिंगोड़ी के समीप बांका मुकाशा मार्ग में विशाल बैलजोड़ी पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जनपत सदस्य योगेश यादव, समाज सेवी पवनराव सोनी,कैलाश साहू, सहित अन्य अथिति शामिल हुए और विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार दिया। इस पट प्रतियोगिता में सिवनी, नरसिंहपुर, बैतूल और छिंदवाड़ा सहित चार जिलों के एवं अन्य अंचलों के दर्जनों प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे प्रथम इनाम 21 हजार रुपए फूल कुमार पटेल रिछेड़ा बंडोल, दूसरा इनाम बबलू पटेल निवाड़ी 15 हजार रुपए, तीसरा इनाम दयाली पटेल अंघोड़ी 11 हजार रुपए, पाने वाले विजेता रहे। इसी तरह 15 प्रतिभागियों को करीब डेढ़ लाख रुपए का नगद इनाम वितरित किया गया। वही समिति अध्यक्ष योगेश यादव वा रमेश पहलवान ने बताया कि यह पट प्रतियोगिता का सफल आयोजन पिछले पचास वर्षों से निरंतर किया जा रहा है जिसमे ग्रामीण संस्कृति की झलक आज भी देखी जा रही है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पट प्रतियोगिता देखने वाले पट प्रेमी सामिल रहे।

## कटंगी थाना परिसर में लगा ध्यान शिविर

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तनाव और चिंता ग्रस्त जीवन शैली में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कटंगी थाना परिसर में सुबह 08 बजे ध्यान शिविर का आयोजन किया गया. पुलिस जवानों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस महानिदेशक और हार्टफुलनेस संस्थान के बीच एक एमओयू हुआ है जिसके चलते यह शिविर आयोजित करवाया गया. प्रशिक्षण अधिकारी डॉ शालिन अमूले ने पुलिस अधिकारी और पुलिस जवानों और उनके परिवार के सदस्यों को ध्यान योग के फायदे बताएं. प्रशिक्षक ने बताया कि लंबी ड्यूटी, जोखिम भरे कार्य और कई बार अत्यधिक तनाव की वजह से पुलिस जवानों और अधिकारियों के भीतर अवसाद, मानसिक आघात, डिप्रेशन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उनके कार्य को प्रभावित करती हैं. पुलिस कर्मियों के इस तनाव युक्त जीवन का कुप्रभाव उनके परिवार के सदस्यों पर भी पड़ता है, जिससे पारिवारिक समस्याएं भी उत्पन्न होती है. ऐसे में ध्यान एक ऐसी विधा है. जिससे मानसिक शांति मिलती है. तनाव और चिंता से मुक्ति मिलती है. ध्यान से एकाग्रता बढ़ती है याददाश्त में सुधार होता है. वहीं दैनिक जीवन में छोटी-छोटी बातों को लेकर कई बार सिर दर्द, डिप्रेशन जैसी समस्याएं होती है इससे राहत मिलती है. ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल रहता है. उन्होंने ध्यान के कई फायदे बताएं और प्रतिदिन कम से कम 10 मिनट ध्यान करने के लिए प्रेरित किया. ध्यान शिविर में थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया सहित पुलिस जवान और उनके परिजन तथा कटंगी शहर के नागरिक भी मौजूद रहे।



## अर्जुननाला के ढ़ोरफोड़ी की घटना, पीड़ित किसान ने थाने में की शिकायत

# नशोड़ियों ने फूंक दी गेहूं की फसल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शहर से सटे अर्जुननाला की ढोरीफोड़ी में अज्ञात नशेड़ियों की हरकत से गेहूं की फसल में आग लग गई. किसान को जैसे ही फसल में आगजनी की सूचना मिली. वह तत्काल मौके पर पहुंचा और आग पर जैसे-तैसे काबू पाया. जिससे यह आग एक खेत से दूसरे खेत तक नहीं पहुंची वरना बड़ी मालहानि हो सकती थी. पीड़ति किसान ने आगजनी की सूचना पुलिस और राजस्व विभाग के हल्का पटवारी को दी. पीड़ति किसान शंकर टेम्भरे ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब ड़ेढ़ बजे के आस-पास गेहूं के खेत में आग लग गई. जिससे एक खेत में लगी गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है. उन्होंने बताया कि ढोरफोड़ी की तरफ एकांत स्थान होने के कारण नशेड़ी लोग गांजा पीने के लिए उधर आते है. उन्होंने ही जलती आग खेत की तरफ फेंकी होगी. जिससे गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।

विदित हो कि शहर के सुनसान इलाकों को बीते काफी लंबे समय से नशेड़ी और गंजेड़ियों ने अपना अड्डा बना लिया है. इन सुनसान स्थानों पर सुबह से लेकर रात तक नशेड़ियों की महफिल सजती है. जहां खुलेआम शराब पी जाती है. बीड़ी-सिगरेट और गांजा का धुंआ उठाया जाता है. इन सुनसान इलाकों में दर्जनों शराब की खाली बोतल और माचिस की खाली डिब्बियां पड़ी हुई दिखाई देती है. सूत्रों की माने तो नगर में बेहद ही आसानी से गांजा मिल रहा है. जिसका युवा पीढ़ी बड़ी मात्रा में सेवन कर रही है. पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से गांजा लाने जाने चर्चा है. नशे के इस कारोबार की जानकारी पुलिस को भी है. मगर, पुलिस कार्रवाई करने से परहेज करती है. गांजा ना केवल शहरी क्षेत्र में बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी आसानी से मिल रहा है. गांजे का धंधा करने वाले लोग और इसका सेवन करने वालों का आपस में सीधा कनेक्शन है. नए व्यक्ति को गांजा नहीं दिया जाता बल्कि जब तक वह गांजे का आदि ना हो जाए उसे गांजा नहीं दिया जाता।



बता दें कि नशे के दल-दल में युवा पीढ़ी के पांव धंसते जा रहे हैं. इसमें युवाओं से कहीं अधिक संख्या किशोरवय की है. जिस तरह इस दल-दल में युवाओं की फौज बड़ी होती जा रही है उससे यह बात समाज के लिए चिंताजनक हो गयी है. हालांकि इसके लिए अभिभावक भी कम दोषी नहीं हैं. अपने बच्चों के प्रति जैसे-जैसे माता-पिता की लापरवाही बढ़ती जा रही है, उसी अनुपात में गलत राह में बच्चों के कदम बढ़ते जा रहे हैं. सबसे अधिक चिंताजनक पहलू इस नशे के जाल में लड़कियां भी फंसती जा रही हैं. न तो इस ओर प्रशासन की नजर है और न ही अभिभावक ही संजीदा नजर आ रहे हैं. आलम यह है कि शहर के सुनसान इलाकों में दिन के उजाले में भी बच्चे नशे में धुत्त मिल जाते हैं. फिलहाल इस ओर पुलिस प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

## ग्राम स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शानदार आगाज



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** उकवा की प्रसिद्ध फुटबॉल टीम राइजिंग स्टार उकवा के तत्वाधान में इस वर्ष फुटबाल नगरी उकवा में पांच दिवसीय फुटबॉल मैच का शानदार आगाज दिवंगत खिलाड़ी स्वर्गीय पुरनो क्षत्रीय,स्वर्गीय ईश्वर यादव,स्वर्गीय बलिराम यादव,स्वर्गीय कृष्णा मडावी,की पावन स्मृति में उकवा खान के मुख्य कार्मिक अधिकारी समीर बैनर्जी,जिला फुटबॉल संघ उपाध्यक्ष जेम्स बारीक, डीएवी प्राचार्य मनीष कुमार,सामाजिक कार्यकर्ता नितिन कुमार आदि की गरिमामई उपस्थिति में किया गया ,जहां अतिथियों द्वारा रिबन काट कर खिलाड़ी परिचय के साथ पहले मैच का शुभारंभ किया गया,इस प्रतियोगिता में उकवा क्षेत्र की लगभग 16 टीमें हिस्सा ले रही है, प्रतियोगिता का शानदार समापन 25 मार्च को किया जाएगा,ये रहे उपस्थित प्रारंभ अवसर पर ग्राम की सुहाना क्षत्रिय,शिला मडावी,पुष्पा यादव,तामेश्वरी यादव ,योगेश्वरी यादव,डिम्पल, विनीता, आदि के साथ वरिष्ठ खिलाड़ी तिमोथी छतरी,राजू साहू,महेंद्र रावते,दिलीप यादव,सूरज यादव,विनेश क्षत्रिय,अंश क्षत्रिय,अनुज क्षत्रिय,गौरव साहू,दुर्गेश साहू,राजनशुल सिक्का,पृथ्वीराज,आनंद, सुदेश,कुशाग्र,जगेश्वर, दोमेंद्र, समर्थ, साहिल, साकेत, समीर, तनीष, हर्ष, सचिन, खिलेश, अमन, जतिन, काव्या, लक्ष्य, हर्षल, विवेक, वंश, अजय, संदीप, लालेश्वर, आर्यन, देव आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## भांडी में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत भाण्डी में प्रथम अपर सत्र एवं जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि मध्यस्थता एक विवाद समाधान प्रक्रिया है, जिसमें एक तटस्थ व्यक्ति मध्यस्थ विवादित पक्षों के बीच बातचीत की सुविधा प्रदान करता है, ताकि वे एक आपसी समझौता कर सकें। उन्होंने कहा कि जागरूकता शिविरों के माध्यम से लोगों को मध्यस्थता के फायदे, प्रक्रिया और उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे विवादों को सुलझाने के लिए इस विधि का वे उपयोग कर सकते हैं। शिविर में ग्राम पंचायत भाण्डी की सरपंच श्रीमती ललिता उइके, प्रभारी सचिव श्रीमती गायत्री पटले सहित ग्राम 25-30 ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पहले सरपंच ने लाया आदेश अब दूसरे पक्ष ने भी न्यायालय से लाया स्थग्न आदेश

# पंचायत भवन को लेकर शांत नहीं हो रहा विवाद, 37.49 लाख की राशि से बनना है पंचायत भवन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

ग्राम पंचायत पाथरगांव भवन निर्माण को लेकर चले रहे विवाद में पहले ग्राम सरपंच की याचिका पर सुनवाई करते हुए जहां पंचायत चाह रही है वही निर्माण करने के आदेश पारित किये गये थे। वहीं अब दूसरे पक्ष द्वारा भी उक्त आदेश के विरूद्ध उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका लगाने के बाद पहले आदेश पर स्टे दे दिया है जिससे ग्राम पंचायत पाथरगांव का पंचायत भवन निर्माण फिर से खटाई में पड़ गया है। विदित हो की ग्राम पंचायत पाथरगांव में पंचायत भवन निर्माण को लेकर लगातार विवाद हो रहा है जिसमें ग्राम के दो पक्ष आमने सामने दिखाई दिये थे, मामला प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक भी गया लेकिन किसी भी प्रकार से कोई निराकरण नही होने पर ग्राम पंचायत पाथरगांव के सरपंच के द्वारा उच्च न्यायालय की शरण ली गई जिस पर न्यायालय के द्वारा ग्राम पंचायत पाथरगांव के पक्ष में अपना आदेश जारी करते हुये पंचायत जहां चाहेगी वही निर्माण होगा यह आदेश जारी किया गया था। जिसको चुनौती देते हुए दूसरे पक्ष द्वारा याचिका लगाई गई जिस पर सुनवाई करते हुए अपने पहले आदेश पर स्थगन लगा दिया गया है।जानकारी अनुसार मध्यप्रदेश पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरगांव लांजी में नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य हेतु 37.49 लाख की राशि स्वीकृत की गई एवं उक्त स्वीकृति आदेश के अनुपालन में ग्राम पंचायत द्वारा बहुमत से ग्राम पंचायत भवन के निर्माण के संबंध में स्थान का चुनाव किया गया। जो ग्राम पंचायत पाथरगांव के बाजारटोला में ख.न.310 रकबा 0.445 हेक्टेयर पर है। जिस पर दोनो पक्षों की असहमति बनी हुई है। उक्त प्रकरण में उचित निर्णय न निकलने पर पहले सरपंच द्वारा न्यायालय की शरण ली गई थी जिसके जवाब में दूसरे पक्ष द्वारा पुनः माननीय माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई। जिसमें अधिवक्ता पवन कावरे ने अपना पक्ष रखा तथा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिशा निर्देश जारी करते हुए यह निर्देशित किया कि याचिकाकर्ता ने दिनांक 04/03/2025 के आदेश को वापस लेने के लिए यह पुनरीक्षण याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता हितबद्ध व्यक्ति था। उसे पक्षकार नहीं बनाया गया तथा आदेश पारित करने से पूर्व याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए था। ग्राम पंचायत में दो समूह हैं। प्रमुख समूह उपविभागीय अधिकारी के आदेश का समर्थन कर रहा है। उनमें से कुछ को मामले में पक्षकार बनाकर याचिकाकर्ता को कुछ अभ्यावेदन दिया जाना चाहिए था,उपरोक्त प्रस्तुतियों पर विचार करते हुए पुनरीक्षण याचिका स्वीकृत की जाती है। तथा 04/03/2025 के आदेश को वापस लिया जाता है।



## बोटेझरी व चंगेरा में विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बोटेझरी व चंगेरा में सुश्री नेहा बाथरी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सुश्री बाथरी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य अक्षमता के कारण न्याय से वंचित न रहें। इसी भावना के अनुरूप विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत उन लोगों की विशिष्ट श्रेणियों को सूचीबद्ध किया गया हैं, जो मुफ्त कानूनी सेवा प्राप्त करने के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम के अंतर्गत देश के उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने हेतु राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों का गठन किया गया हैं, जो सभी के लिये न्याय प्राप्त करने के समान अवसर सुनिश्चित करते हैं।

ग्राम चंगेरा में उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि समाज के उपेक्षितःऔर बहिष्कृत समूहों को प्रभावी कानूनी प्रतिनिधित्व, कानूनी साक्षरता और जागरूकता प्रदान करते हुए एवं कानूनी रूप से उपलब्ध लाभों तथा हकदार लाभार्थियों के बीच अंतर को भरते हुए उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाना ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य ध्येय है। इसके अतिरिक्त विवादों का अनौपचारिक, त्वरित, सस्ता व प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिये लोक अदालतों और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र प्रणाली को मजबूत बनाना भी जागरूकता शिविर का उद्देश्य है।

ग्राम पंचायत बोटेझरी के शिविर में सरपंच डुलीचंद बोपचे, सचिव तरूण हनवत, ग्राम रोजगार सहायक हामिद अली सहित 25-30 ग्रामीणजन एवं ग्राम पंचायत चंगेरा में सरपंच सहित 15-20 ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में उपस्थित न्यायाधीष श्री सतीष शर्मा व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला अधिकार एवं कैरियर संबंधी जानकारी प्रदाय की। उन्होंने निशुल्क विधिक सहायता योजना एवं भारतीय संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार एवं मूल कर्त्तव्य के संबंध में भी उपस्थित छात्राओं को जानकारी दी। वहीं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेद्य और प्रतितोष अधिनियम 2013, भारतीय न्याय संहिता एवं साईबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2024-25 अंतर्गत दिनांक 21 मार्च 2025 को विषय विज्ञान की परीक्षा जिले के 84 परीक्षा केन्द्रों में एवं हायर सेकेण्डरी विषय एनएसक्यूएफ की परीक्षा जिले के 32 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा में दर्ज 18114 विद्यार्थियों में से 17662 उपस्थित तथा 462 अनुपस्थित पाये गये। इसी तरह हायरसेकेण्डरी की विषय एनएसक्यूएफ परीक्षा में दर्ज 1868 विद्यार्थियों में 1848 उपस्थित तथा 20 अनुपस्थित पाये गये। वहीं नकल प्रकरण निरंक रहा।जिला स्तर पर परीक्षा के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर उडन दस्ता दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी केन्द्रों में परीक्षा निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गई।

### जिला न्यायालय परिसर में विधि के छात्रों के लिए हुआ शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी के विधि छात्रों हेतु जिला न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवि नायक द्वारा विधि छात्रों को जिला प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना द्वारा नालसा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के साथ ही विधि महाविद्यालय में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के संबंध में आवश्यक जानाकारी दी गई साथ ही नुक्कड़ नाटक इत्यादि के माध्यम से आम जनता को जागरूक किए जाने हेतु विधि छात्रों को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर डी.पी. विधि महाविद्यालय सिवनी श्रीमती अन्नापूर्णा मिश्रा, एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### छात्रावास आश्रम अधीक्षको की बैठक ली सहायक आयुक्त मरकाम ने

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनादौन मध्य प्रदेश जनजातीय कार्य विभाग सिवनी के सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम ने विगत दिवस लखनादौन विकासखंड मुख्यालय में परियोजना सभाकक्ष में छात्रावास आश्रम अधीक्षको की बैठक ली सहायक आयुक्त श्री मरकाम ने अधीक्षकों को निर्देशित किया कि 1 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे नवीन शिक्षण सत्र में छात्रावास,आश्रम में छात्र-छात्राओं के लिए स्वच्छ पेयजल तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान देने की बात कही एवं मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करें उन्होंने अधीक्षको को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए शासन से प्राप्त राशि का मद अनुसार ही व्यय किए जाएं इस बैठक में विकास खंड अधिकारी लखनादौन नीरज दुबे जे एल नामी प्राचार्य उमावि आदेगांव सहित विकासखंड के समस्त छात्रावास तथा आश्रम अधीक्षक उपस्थित रहे।

### जीवन उत्सव संगीत संध्या संपन्न

परमात्म सेवा के सिवनी जिले में बेमिसाल 40 साल पूरे होने के शुभ अवसर और बंडोल उपसेवा केंद्र की पांचवी वर्षगांठ के शुभ अवसर पर बंडोल के राजपूताना सेलिब्रेशन लॉन में जीवन उत्सव संगीत संध्या दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत के सुप्रसिद्ध गायक हरीश मोयल मुंबई(इंडियन आईडल बिग स्टार ढूरूर अवॉर्ड विनर), ओमकार कड़वे नाशिक(शास्त्रीय संगीत में गोल्ड मेडलिस्ट) के मधुर संगीत ने सिवनी जिले वासियों को लगातार दो दिनों तक संगीत संध्या के माध्यम से जीवन में उत्सव का अनुभव कराया।

# सड़कों पर जगह-जगह अमानक स्पीड ब्रेकर बन रहे बीमारी की वजह

## हादसे का बन रहे कारण, नियमों का नहीं रखा गया ध्यान

**कभी गलियों में तो कभी सपाट सड़कों पर स्पीड ब्रेकर के झटके लोगों को कमर दर्द का मरीज बना रहे हैं। सर्वाइकल की बीमारी की जड़ बन रहे हैं। रात में ये ब्रेकर सबसे यादा खतरनाक होते हैं और हर समय बड़े हादसे का खतरा रहता है। शहर में जगह-जगह मानकों के विपरीत बनाए गए स्पीड ब्रेकर जनता के लिए सिरदर्द बने हैं और सिस्टम बेफिक्र है। शहर की सड़कों पर बिना मानक के बने गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) हादसे का कारण बन रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई तय मानक से अधिक होने व ढलान नहीं होने से ब्रेक लगते ही वाहन असंतुलित हो जाते हैं, जिससे कई लोग गिरकर घायल हो जाते हैं।
इन स्पीड ब्रेकर से वाहन चालकों की रीढ़ की हड्डी पर भी दबाव पडऩे से पीठ दर्द की समस्या बढ़ रही है। साथ ही स्पाइनल इंयुरी के मरीज भी बढ़ रहे हैं। शहर की कई कॉलोनियों और गलियों में नपा के अलावा स्थानीय लोगों ने भी स्पीड ब्रेकर बना रखे हैं।
लोगों का कहना है कि वाहन चालक तेज रफ्तार से वाहन निकालते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका रहती है। शहर की विभिन्न क्षेत्र की कॉलोनी सहित कई गलियों में मानक को दरकिनार कर गति अवरोधक बनाए गए हैं। इनसे वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक कम और कमर को झटका अधिक लग रहा है।



### वाहनों में बढ़ रही टूट-फूट

दो पहिया वाहन मैकेनिक दिनेश रस्तोगी, उस्लाम अहमद ने बताया कि जर्जर सडक़, स्पीड ब्रेकर से वाहनों को अधिक क्षति पहुंच रही है। बेमानक बने गति अवरोधक वाहनों को समय से पहले खराब कर रहे हैं। गली-मोहल्ले में ऊंचे ब्रेकर से वाहनों के शॉकअप, क्लच प्लेट और बॉडी सहित अन्य सामान में खराबी आ रही है। वहीं बार-बार ब्रेक लगाने व गियर बदलने से पेट्रोल की खपत भी अधिक होती है।

### जम्प अधिक न लगे, ऐसे हों ब्रेकर

विशेषज्ञों का कहना है कि शहर की सडक़ों पर स्पीड ब्रेकर ऐसे होना चाहिए कि वाहन चालक को जम्प अधिक नहीं लगे और वह आसानी से वाहन चला सके। रोड सेफ्टी के हिसाब से ही स्पीड ब्रेकर लगाए जाने चाहिए। गली-मोहल्ले में स्पीड ब्रेकर नहीं लगाए जा सकते हैं। रोड सेफ्टी एक्ट के हिसाब से ही नपा व पीडब्ल्यूडी को स्पीड ब्रेकर बनाना चाहिए। यदि जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं तो यह गलत है। स्पीड ब्रेकर से कोई घायल, स्पाइनल इंयुरी, सर्वाइकल व स्पांडिलाइटिस का शिकार होता है तो वह अवकृत विधि में मामला दर्ज करा सकता है।

### मानक विपरीत स्पीड ब्रेकर से दिक्कत

वाहन पर सवार व्यक्ति के शरीर और हड्डियों पर पड़ता है प्रभाव।
स्पांडिलाइटिस, स्लिप डिस्क का खतरा बढ़ जाता है।
ब्रेकर से रीढ़ की हड्डी पर पड़ता है विपरीत प्रभाव।
गर्भवती को सबसे अधिक दिक्कत होती है।
ऊंचे स्पीड ब्रेकर वाहनों को झटका देकर उछाल देते हैं, इससे चालक की कमर पर जोर पड़ता है। झटकों से गर्दन में खिंचाव, स्पाइनल इंयुरी, सर्वाइकल स्पॉंडिलाइटिस बीमारी हो रही है।

### ये है नियम

रोड सेफ्टी के तहत स्पीड ब्रेकर बनाने के लिए नियम और मानक तय किए गए हैं। इसके अनुसार स्पीड ब्रेकर की चौड़ाई 12 इंच और ऊंचाई अधिकतम 6 इंच होनी चाहिए। स्पीड ब्रेकर के दोनों किनारे शून्य डिग्री पर होने चाहिए। स्पीड ब्रेकर काले.पीले रंग से पुते हों और 20 फीट पहले ही उसका संकेतक होना चाहिए।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु मणिपुर के लिए छवि अग्रवाल रवाना होगी

### 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित होगी प्रतियोगिता



**बरघाट** - विदित हो की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरघाट की वेटलिफ्टर कुमारी छवि का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु जूनियर वर्ग में हुआ था, विगत समय से प्रतियोगिता की निर्धारित तिथि मैं परिवर्तन किया गया है और अब यह राष्ट्रीय शालेय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता मणिपुर की राजधानी इंफाल में 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आयोजित होनी है।
विद्यालय के खेल प्रशिक्षक एवं छवि अग्रवाल के कोच श्री प्रेम श्रीवास्तव द्वारा यह जानकारी दी गई की दिनांक 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक सीहोर भोपाल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता का कोचिंग कैंप आयोजित किया गया है जिसमें भाग लेने के लिए कुमारी छवि अग्रवाल 31 मार्च को सीहोर के लिए रवाना होगी एवं वहां पर कोचिंग कैंप के पश्चात 5 अप्रैल को मणिपुर इंफाल के लिए जाएंगी ज्ञात होने की इसके पूर्व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी नम्रता परते टेबल टेनिस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो कि लद्दाख लेह में आयोजित हुई थी उसमें सम्मिलित हुई थी उपरोक्त छात्राओं के अलावा कन्या विद्यालय की लगभग 12 छात्राएं है राज्य स्तर पर भी विभिन्न खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर सम्मिलित हुई है एवं उक्त दोनों छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर छोटे से स्थान बरघाट का नाम रोशन किया है। ज्ञात होवे की विद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री प्रेम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में उक्त छात्राएं नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सरला नरेती शिक्षिका कुमारी शशि कला साहू शिक्षिका श्रीमती वीणा मेश्राम शिक्षक श्री दिलीप पटले श्री सूर्यकांत सिंह धुर्वे श्री अनिल कुमार अवधवाल एवं समस्त शुभचितकों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन की आशा व्यक्त की है एवं शुभकामनाएं दी है।

# लखनादौन नगर परिषद भ्रष्टाचार का गढ़, पर्दे के पीछे के खिलाड़ी, नैतिकता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

सिवनी जिले के लखनादौन नगर परिषद में भ्रष्टाचार का ऐसा घिनौना खेल चल रहा है, जिसने लोकतंत्र की नींव को ही हिलाकर रख दिया है। पूर्व अध्यक्ष मंजू किशन साहू के काले कारनामों की परतें खुलते ही, नगर परिषद की वर्तमान मुखिया और ईमानदार अधिकारियों पर भ्रष्टाचारियों ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

### पर्दे के पीछे के खिलाड़ी

पूरे शहर की जनता जानती है कि पिछले कार्यकाल में किसके इशारे पर काम हुआ और पर्दे के पीछे कौन है। यह जगजाहिर है कि किसने भ्रष्टाचार कराया है। आज जो चाटुकार लोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वे भी इस खेल में शामिल हैं।

### नैतिकता पर सवाल

मंजू किशन साहू ने अपने निज निवास को नाले की भूमि पर बना रखा है, जो प्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार का उदाहरण है। दूसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाली पूर्व अध्यक्ष क्या अपने भवन को स्वयं ध्वस्त कराएंगी या फिर अपने पद से इस्तीफा देंगी? यह सवाल उन लोगों के लिए है जो उनकी ईमानदारी पर भरोसा करते हैं। नैतिकता की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले सभी लोग यह जानते हैं, लेकिन कोई कुछ नहीं कहता।

### भ्रष्टाचार का कॉम्प्लेक्स जाल

वार्ड क्रमांक 10 में बस स्टैंड पर बने कॉम्प्लेक्स को तोडऩे और अवैध दुकानें बनाने के मामले में मंजू साहू के भ्रष्टाचार की पोल



खुलती नजर आ रही है। आरोप है कि मजबूत दीवारों को जर्जर बताकर, झूठे प्रस्ताव पारित किए गए और नियमों को ताक पर रखकर दुकानें बेच दी गईं। जब मामला उजागर होने लगा, तो दुकानदारों को धमकाकर यह कहलवाया गया कि उन्होंने दुकानें अपने पैसे से बनवाई हैं।

### ईमानदारों को दबाने की साजिश

जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, भ्रष्टाचारियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं। अपनी काली करतूतों को छुपाने के लिए, उन्होंने नगर परिषद की वर्तमान अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीएमओ) को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ईमानदार अधिकारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है, उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है, और जांच को प्रभावित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### जनता का आक्रोश, न्याय की मांग

लखनादौन की जनता अब जाग चुकी है। वे भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सडक़ों पर उतर आए हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि ईमानदार अधिकारियों को डराने-धमकाने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। वे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जनता के पैसे का दुरुपयोग करने वालों को बख्शा न जाए।

### जांच की आंच, भ्रष्टाचारियों में खलबली

कलेक्टर ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, भ्रष्टाचारियों की नींद उड़ती जा रही है। उन्हें डर है कि उनके काले कारनामों का पर्दाफाश हो जाएगा और उन्हें सलाखों के पीछे जाना पड़ेगा।

### अध्यक्ष मीना बलराम गोल्हानी का संघर्ष

वर्तमान अध्यक्ष मीना बलराम गोल्हानी ने पूर्व के दिनों में अपने पत्र के माध्यम से कलेक्टर को इस भ्रष्टाचार से अवगत कराया है। उन्होंने बस स्टैंड परिसर की तस्वीरों के साथ सबूत पेश किए हैं, जो भ्रष्टाचार की कहानी खुद बयां कर रही हैं। मीना बलराम गोल्हानी ने कहा, यह तस्वीरें चीख-चीख कर बता रही हैं कि कैसे पिछली परिषद में जनता के पैसे का दुरुपयोग किया गया। सवाल यह है कि क्या भ्रष्टाचारियों को उनके किए की सजा मिलेगी क्या ईमानदार अधिकारियों को न्याय मिलेगा क्या लखनादौन नगर परिषद भ्रष्टाचार के इस दलदल से बाहर निकल पाएगा?
इन सवालों का जवाब आने वाले समय में ही मिलेगा। लेकिन एक बात तय है कि लखनादौन की जनता अब चुप नहीं बैठेगी। वे अपने अधिकारों के लिए लड़ेंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।

# मध्यप्रदेश सरकार का बजट जन कल्याणकारी, विकासोमुखी, सभी वर्गों के हितों की पूर्ति करने वाला है -मुनमुन राय

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास संकल्पों, समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के अन्त्योदय की अवधारणा, सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना को साकार करने वाला एवं जन कल्याणकारी, विकासोमुखी, सभी वर्गों के हितों की पूर्ति करने वाला है उक्ताशय की बात विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा सदन मे बजट की चर्चा पर कही गयी।
मध्यप्रदेश विधानसभा के जारी सत्र मे सरकार द्वारा पेश किये गये बजट का समर्थन करते हुए सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सदन मे कहा कि अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार ने जो बजट पेश किया है, इसके समर्थन में मैं खड़ा हुआ हूं। सरकार द्वारा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में बेहतर सुलभ आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए। 1 लाख किलोमीटर सडक़ों को बनाने का लक्ष्य रखा गया है। गरीबों को अनाज के लिये 7132 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिये प्रत्येक विधान सभा में एक स्टेडियम का निर्माण कराये जाने, किसान भाइयों के लिये धान की फसल में बोनस के लिये 850 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त किसान प्रोत्साहन योजना मद में 5230 करोड़ रुपये का प्रावधान, इसके साथ ही किसान भाइयों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण लगातार दिया जायेगा। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये 17135 करोड़ रुपये का प्रावधान, प्रदेश में महिला सशक्तिकरण एवं नारी उत्थान के लिये संचालित विभिन्न योजनाओं के लिये 26797 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है तथा प्रदेश के संवेदनशील जन नायक यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के विकास एवं जन जन के लिये जन हितै, कल्याणकारी सभी योजनाओं के लिये आवश्यकतानुसार राशि का प्रावधान रखा है। विधायक श्री




दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि प्रदेश में औद्योगिक एवं विकास योजनाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन किया, जिसके फलस्वरुप प्रदेश में निवेश के लिये हजारों करोड़ रुपये का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसके सुखद परिणाम आगामी समय में देखने को मिलेंगे। प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिये 18715 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है।
प्रदेश में वंचित वर्गों को सुलभ उपचार उपलब्ध हो सके, इस हेतु 2039 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है. ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ, सुगम एवं सस्ता परिवहन उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारम्भ की जायेगी। जिसके लिये बजट में प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास संकल्पों, समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के अन्त्योदय की अवधारणा, सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना को साकार करने वाला है. जन कल्याणकारी, विकासोमुखी, सभी वर्गों के हितों की पूर्ति करने वाला है।
विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि अभी हमारे साथियों ने लाडली बहना को लेकर कई बार बात की। इस बार हमारी सरकार ने कई केंद्र की योजनाओं से जोड़ा है। लाडली बहना को अटल पेंशन योजना से जोड़ा है। मैं विपक्ष के नेताओं को बताना चाहता हूं कि जो बहनें हमारी 21 साल की लाडली बहना है और वह 120 रुपये प्रतिमाह इस अटल पेंशन में अपनी राशि जमा करेंगी, तो ठीक 60 साल के बाद उनको 6 हजार रुपये प्रति माह पेंशन मिलेगी। मेरी विधान सभा में 25 हजार लाडली बहनाओं को स्वतः इस पेंशन से जोड़ दिया गया। इसी प्रकार पीएम बीमा योजना से अगर इन बहनों को जोड़ेंगे, हम सब अपने प्रयास करके, तो मैं समझता हूं कि उनको 3 हजार से भी ज्यादा आने वाले समय में पेंशन मिलेगी इस योजना का यह सबसे बड़ा काम किया है हमारी सरकार ने, 3 लाख नई नौकरियों के लिये प्रावधान रखा गया है।
महाकाल की तर्ज पर बनेगा ओंकारेश्वर लोक, 40 रुपये प्रति नग हमारे गौवंश को मिलेगा। पहले 20 रुपये मिलता था, आज 40 रुपये उनको सबको देंगे और 5 रुपये लीटर का दूध जो खरीदी करेंगे, उसमें बोनस हमारी सरकार देने जा रही है। 1 अप्रैल से सातवां वेतनमान का लाभ, श्री कृष्ण पाथेय योजना के लिये 10 करोड़ रुपये के श्री कृष्ण धार्मिक स्थलों का विकास किया जायेगा। चित्रकूट शहर के विकास के लिये 30 करोड़ रुपये, कामका महिलाओं के लिये भी इस बार स्पेशल है. हमारी महिलाओं के लिये भी छात्रावास जैसी व्यवस्था की जा रही है, जो काम करने वाली महिलाएं आती हैं, उनको भी रहने की व्यवस्था हमारी सरकार देने जा रही है। गरीबी रेखा के नीचे वन यापन करने वालों के लिये भी विशेष पैकेज सरकार दे रही है। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि बजट में सीएम राइज स्कूल के लिये बजट 1017 करोड़ रुपये का प्रावधान है। हर विधान सभा में स्टेडियम बनने जा रहे हैं. हम देखते हैं कि गांव में गौठान, श्मशान घाट और ग्राउंड की जगह खत्म है, लेकिन सरकार ने बड़ी संवेदना दिखाते हुए हर विधान सभा में एक ग्राउंड दिया है, जो हमारे युवाओं के लिये काफी कारगार होगा।

# विवाद में बीच बचाव करने आये सौतेले मामा की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा तथा अनु0 अधिकारी पुलिस आशीष भराड़े केवलारी के निर्देशानुसार थाना प्रभारी केवलारी ब्रजेश उइके के नेतृत्व में केवलारी पुलिस टीम द्वारा सरगर्मी से त्वरित कार्यवाही करते हुए बुधवार को नगर केवलारी में पुरानी पारिवारिक रंजीश के चलते चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपियों को 12 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की गई। मिली जानकारी अनुसार प्रार्थिया संध्या जंघेला पति चन्द्रशेखर कुशवाह 23 वर्ष निवासी रमपुरा हाल निवासी केवलारी ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीते 18 मार्च 2025 के रात्रि करीब 08 बजे परिवार के साथ घर में थी उसी समय मेरी सौतेली मां श्यामा बाई का लडक़ा भीम जंघेला आया और पुराना जमीनी विवाद को लेकर गाली गुप्तार कर प्रार्थिया को चेहरे पर हाथ थप्पड़ व मिट्टी के ढेला फेककर मारा, फिर चुल्हे के पास रखा हसिया उठाकर फेंककर मारा, इसके बाद प्रार्थिया के पति चन्द्रशेखर को लकड़ी से मारने पर मामा पन्नालाल जंघेला ने बीच बचाव किया, फिर भीम जंघेला अपने घर चला गया। प्रार्थी पक्ष डर के कारण घर के पास रहने वाले कृष्णकुमार नंदे के मकान के सामने जाकर खड़े हो गये, करीब 10-15 मिनट बाद भीम जंघेला अपने घर से हाथ में चाकू लेकर अपनी मां श्यामा बाई और बहन रामकुमारी के साथ आया और प्रार्थिया, प्रार्थिया के पति चन्द्रशेखर, मां फूलवती बाई व पन्नालाल जंघेला को गालिया देकर मारपीट करने लगे तथा भीम जंघेला ने श्यामा बाई और रामकुमारी की मदद से पन्नालाल जंघेला को पीठ में चाकू मारकर हत्या कर दिया है जिस पर केवलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर मामला संज्ञान में लेते हुए प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया । वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर द्वारा प्रकरण के आरोपियों भीम उर्फ सुशील पिता तुलसीराम जंघेला 37 वर्ष, श्याम बाई पति तुलसीराम जंघेला56 वर्ष, रामकुमारी वर्मा निवासी लोधी मोहल्ला केवलारी को दस्तयाब कर मेमोरेण्डम लेख किया गया। आरोपी भीम जंघेला के मेमोरेण्डम तस्दीक में आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया, बाद आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड प्राप्त की गई है। ज्ञातव्य हो की प्रकरण का आरोपी भीम जंयेला पूर्व से ही आपराधिक व खुंखार प्रवृत्ति का हैं, इसके पूर्व में भी केवलारी पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में निरी. ब्रजेश उइके, उनि विक्की धुर्वे, सउनि नन्हेसिंह मरकाम, प्र.आर. मूलसिंह, आरक्षक शरद, विनोद धुर्वे, नरेश, दुर्गेश पटेल, वीरेन्द्र, आकाश, हुलसीराम बोहने, म.आर. महेश्वरी का योगदान रहा।

### ग्राम जुरतरा में बह रही भागवत ज्ञान की गंगा



कान्हीवाड़ा से समीपस्थ ग्राम जुरतरा में विगत चार दिवसो से भगवान श्री कृष्ण की कथा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की हो रही है भक्ति रस वर्षा इस कथा में वृंदावन के आचार्य श्री जगदीश चंद्र शास्त्री के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण पान भक्तों को कराया जा रहा है । साथ ही कथा में कांगड़ा शक्ति पीठाधीश्वर स्वामी श्री शारदानंद सरस्वती जी का आगमन भी हुआ, उनके नगर आगमन पर विभिन्न स्थानों पर महाराज श्री का उनके भक्तों ने स्वागत किया। जिनके द्वारा भी 24 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का अमृत पान भक्तों को कराया जाएगा आयोजक श्री नारायण सिंह ठाकुर के द्वारा इस कथा में सम्मिलित होने और पुण्य लाभ अर्जित करने हेतु भक्तों से निवेदन किया गया है।

# भूजल स्तर में गिरावट के बावजूद हम जल सरंक्षण हेतु सजग नहीं- चतुर्वेदी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्व जल दिवस का उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने अनुकरणीय प्रयास करना है ताकि कोई भी देश जलाभाव एवं जल संग्रहण समस्या से उपेक्षित ना हों। साथ ही विश्व समुदाय जल संरक्षण के साझा प्रयास शासकीय/अशासकीय उपक्रमों के माध्यम से कर जल स्त्रोतों को विकसित करेगा एवं आम जनमानस के लिए अनुकूलित जल व्यवस्थापन कराना ही विश्व जल दिवस का, जन जागरण का सिद्धान्त है।
जलं परमं लोके वानां वानं समृतम। जलं जलेन सृजति, जलं पाति जलेन यः।।
जल वह है जो धरती पर हो तो धरती का तापमान नियंत्रित करता है, मनुष्य के शरीर में रहे तो शरीर का तापमान नियंत्रित करता है साथ ही कोशिकाओं तक पोषाक तत्व एवं ऑक्सीजन पहुंचाता है एवं अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से बाहर निकालता है। मानव मस्तिष्क का 75ः एवं वित पेड़ में 75ः हिस्सा जल होता है। इसलिए मस्तिष्क की तुलना पेड़ से की जाती है जिस प्रकार मस्तिष्क पूरे शरीर को चलाता है, उसी प्रकार पेड़ पर्यावरण एवं उस पर निर्भर जन सामान्य का गर्मी, बरसात आदि से संरक्षण कर उनका संचारण करता है।



जल का सामरिक महत्व -जल शब्द देखने सुनने में अत्यंत मधुर, सरल और सहज लगता है, जो कभी नीर बनकर आखों से टपकता है, तो कभी असहज स्थिति में पानी, गर्मी आदि से संरक्षण करता है। वैसे तो जल के कई पर्यायवाची हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, अरबी, अंग्रे आदि भाषाओं में पढने को मिलते हैं परन्तु स्मरण करें, जो जल, मनुष्य, पशु, पक्षी, व/जन्तुओं, पौधों की भूख, प्यास के माध्यम से दूर कर सकता है उसके सामने सारे पर्यायवाची अनुत्तरित हैं। समझिये यह वही जल है जो भवन की छत को लोहा कांक्रीट से मिलाए जाने के बाद भी उसकी मजबूती के लिए डाला जाता है, सोचिए कितना ताकतवर है यह जल? समझिये इसकी सोच को जब नदी/समुद्र में पैर फिसलने से गिरने एवं डूबने पर, भी व्यक्ति को ऊपर की ओर फेंककर हमें संभलने का एक अवसर देता है ! जल यह महानता है उस जल की, इसलिए देवतुल्य है जल ! परन्तु हमने जल के सर्वांगीण विकास के लिए किया क्या? फैंकना, धोना, मिलाना, नित्यकर्म में प्रयोग करना, और नहीं मिलने पर पाश्विक प्रवृत्ति को अपनाकर इसके लिए लडना, झगडना, मारकाट करना प्रमुख है। क्योंकि बहुत कीमती है जल ? यह जल 2035 तक सोना से भी कीमती एवं मूल्यवान हो जायेगा। पर्यावरण विदों का मानना है कि 2035 के बाद सारे युद्ध अपने-अपने जल स्त्रोतों को सुरक्षित/संरक्षित रखने होंगे। कल्पना कीजिए कि कितना कीमती है ? यह जल भविष्य में ! जल स्त्रोत नदियों का पौराणिक महत्व -जल के विभिन्न स्त्रोत हैं जिसमें समुद्र, नदी, तालाब, कुआं, बाबली, बांध आदि प्रमुख हैं। जल की प्रमुख स्त्रोत नदियां भारत की शिक्षा, सभ्यता, संस्कृति एवं धर्म का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

मेडिकल कॉलेज पर विधानसभा में सवाल

# विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से पूछा- कब तक बनेगा, बजट में भी जिक्र नहीं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे ने विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री से मेडिकल कॉलेज की स्थिति पर सवाल किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 28 जून 2023 को कैबिनेट में 100 सीट वाले मेडिकल कॉलेज की मंजूरी दी थी।

भूमि पूजन के बाद भी निर्माण कार्य की स्थिति स्पष्ट नहीं है। वर्तमान बजट में इसके लिए कोई राशि अलॉट नहीं की गई। विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाल बर्रा की समस्याओं को भी उठाया। यहां महिला डॉक्टर और सोनोग्राफी मशीन नहीं होने से 77 पंचायतों की महिलाओं को परेशानी हो रही है।

विधायक ने जिला अस्पताल की स्थिति पर भी चिंता जताई। 400 बिस्तरों वाले इस अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ की कमी है। इससे गंभीर मरीजों को नागपुर रेफर करना पड़ता है। यह अस्पताल 87 पंचायतों और एक नगरपालिका के लोगों को सेवाएं देता है।

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा घोषित आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की प्रगति के बारे में भी जानकारी मांगी है। विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार केवल कागजों में पीठ थपथपा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति चिंताजनक है।

चूंकि बालाघाट से नागपुर की दूरी ज्यादा होने से अकसर साधनों और पैसों के अभाव में मरीजों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है, जिसे देखते हुए यहां पर्याप्त डॉक्टर और स्टाफ की व्यवस्था की जाए, ताकि ग्रामीण मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

23 से 30 मार्च तक देश की 20 टीमें खेलेंगी स्व. नारायणसिंह मेमोरियल स्वर्ण कप

# पहली बार एस्ट्रोटर्फ पर होगा हॉकी टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में पहली बार एस्ट्रोटर्फ मैदान पर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। अखिल भारतीय स्व. नारायणसिंह मेमोरियल स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट 23 से 30 मार्च तक खेला जाएगा।

नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में सुबह और शाम को मैच होंगे। नाइट मैच कराने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

ये टीमें लेंगी टूर्नामेंट में हिस्सा

टूर्नामेंट में देश की 20 प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें केनरा बैंक बैंगलोर, सेल राऊरकेला, सैफई इटावा, सांई सुंदरगढ़ और साईं हैदराबाद शामिल हैं। अश्विन स्पोर्ट्स क्लब कुर्ग, गैंगपुर हॉकी क्लब उड़ीसा और दादर नगर हवेली की टीमें भी खेलेंगी।

मध्यप्रदेश से हॉकी मध्यप्रदेश, बैतूल, इटारसी, जबलपुर, सिवनी और उमरिया की टीमें भाग लेंगी। छत्तीसगढ़ से डीएचए राजनांदगांव और छत्तीसगढ़ इलेवन खेलेंगी। महाराष्ट्र से गोंदिया और भंडारा की टीमें शामिल होंगी। मेजबान बालाघाट से फीडर सेंटर और नेहरू स्पोर्टिंग क्लब की टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

इस अवसर पर महासचिव विजय वर्मा, संरक्षक रमेश रंगलानी, नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर और जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार उपस्थित रहे। समाजसेवी कमलजीत सिंह छाबड़ा भी मौजूद थे। कार्यक्रम में बालाघाट की नेहरू स्पोर्टिंग क्लब टीम के खिलाड़ियों को हॉकी किट वितरित की गई।

## खनिज विभाग ने की कार्रवाई, दो डंपर किए जब्त

**कटंगी।** गुरूवार की रात्रि खनिज विभाग की टीम ने कटंगी में कार्रवाई करते हुए दो 16 चक्का डंपरों को जब्त किया है. जब्त वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में कटंगी थाने में रखा गया है. शुक्रवार की दोपहर 01 बजे खनिज विभाग से बसंत कुमार पाटिल ने जानकारी देते हुए बताया कि ईटीपी (ई-ट्रैकिंग परमिट) का समय समाप्त होने के बावजूद गिट्टी का परिवहन करते हुए डंपर को जब्त किया गया है. उन्होंने बताया कि इस मामले में वाहन चालक श्याम कड़पेती निवासी जाम थाना कटंगी और अशोक राउत निवासी वार्ड क्रमांक 06 कटंगी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है. मिली जानकारी अनुसार डंपर क्रमांक एमएच 40 सीजेड 9299 और एमएच 40 सीजेड 9399 से गिट्टी परिवहन की जा रही थी. जिसमें लिए जारी ईटीपी का समय समाप्त होने के बावजूद परिवहन किया जा रहा था. वाहनों को बाईपास में रोककर कार्रवाई की गई. दोनों वाहनों में जे.के.मिनरल्स से गिट्टी भरी गई थी जिसे महाराष्ट्र के गोबरवाही (तुमसर) ले जाया जा रहा था।



## ग्रामीणों की आय का जरिया बने महुआ के पेड़



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा ।

लालबर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जाम सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में कृषकों व ग्रामीणजनों के द्वारा खेतो व जंगलों में स्थित महुआ के पेड़ों से प्राकृतिक रूप से गिरने वाले महुआ के फल चुनकर एकत्रित किया जा रहा है। जो उनकी आय का जरिया बना हुआ है। विदित हो कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वर्तमान मे कृषकों व ग्रामीणजनों के द्वारा अलसुबह उठकर खेतों व जंगलों मे मौजुद महुआ के पेड़ो से महुआ चुनकर एकत्रित किया जा रहा है। जिसे घरों में लाकर सुखाने के पश्चात बिक्री की जा रही है। जिससे ग्रामीणों को अ%छी खासी आमदनी प्राप्त हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बहुतायत में महुआ प्रजाति के पेड़ पाये जाते है। ग्रामीणों के द्वारा प्रतिदिन पेड़ो से महुआ चुनकर एकत्रित किया जा रहा है। जिसका उपयोग औषधी के रूप में किया जाता है। एवं कृषकों के द्वारा अपने मवेशियों को खिलाने के लिये भी उपयोग में लिया जाता है। महुआ के बाद पेड़ो से महुआ फल गुल्लीया प्राप्त होती है। जिसका तेल के रूप मे इस्तेमाल किया जाता है। आपको बता दे कि ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ का फल का आयुर्वेद के रूप में खास महत्व है। खाज-खुजली समेत अनेक चर्मरोगों में भी इसके छिलकों को उबालकर उपयोग करते है।

## 7 सहकारी समिति के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**बालाघाट।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने सहकारी समिति बालाघाट के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या. बोदा के लिए वनपाल श्री अरुणेद्र शेखर तिवारी, किनारदा के लिए वनपाल श्री राजेंद्र गनवीर, कुमनगांव के लिए वनपाल श्री फूलचंद परते, खालोंडी के लिए श्री नरेंद्र कुमार मार्शकोले, कुमारदेही के लिए श्री देवेंद्र कुमार मरावी, पाथरी के लिए श्री कमल सिंह वायाम व शेरपार के लिए श्री शिवप्रसाद सरोते को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। प्राथमिक वनोपज सहकारी बोदा, किनारदा, कुमनगांव, खालोंडी, कुमारदेही, पाथरी, शेरपार व निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार सहकारी समिति बालाघाट में सदस्यता सूची प्रकाशित करने की तिथि 27 मार्च, प्रकाशित सदस्यता सूची पर आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों की निराकरण व अंतिम सदस्यता सूची के प्रकाशन की तिथि 5 अप्रैल, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तिथि 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्राप्त होने की स्थिति में अपील के निराकरण की तिथि 16 अप्रैल और राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने का कार्य 21अप्रैल को संपन्न किया जाएगा।

सर्वेयरों को 6 माह से नहीं मिला मानदेय

# 700 से ज्यादा युवा परेशान, वेतन और बीमा की मांग को लेकर बनाई संघर्ष की रणनीति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में शासन द्वारा नियुक्त किए गए सर्वेयर को पिछले 6 महीनों से मानदेय नहीं मिला है। इन युवाओं को गिरदावरी, फार्मर रजिस्ट्री और ईकेवायसी का काम सौंपा गया था।

सर्वेयरों को गिरदावरी के लिए प्रति खसरा 8 रुपए और फार्मर रजिस्ट्री के लिए 10 रुपए मिलने तय हैं। जिले में करीब 700 से अधिक युवा इस काम में लगे हैं। मानदेय नहीं मिलने से इन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कई सर्वेयर विवाहित हैं और उन्हें घर चलाने में कठिनाई हो रही है। मोबाइल रिचार्ज और वाहन ईंधन का खर्च भी उन्हें अपनी जेब से करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए युवाओं ने संगठन बनाया है।

शुक्रवार को मोती उद्यान में सभी सर्वेयरों की बैठक हुई। इसमें सर्वेयर सहायक पटवारी संघ के माध्यम से निश्चित वेतनमान, सुरक्षा बीमा और पहचान पत्र की मांग करने का निर्णय लिया गया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र ठाकरे ने बताया कि सभी सर्वेयर सरकारी निर्देशों के अनुसार काम कर रहे हैं। पहचान पत्र न होने के कारण उन्हें किसानों से विवाद का सामना भी करना पड़ता है।

चूंकि सर्वेयरों का कोई बीमा नहीं होने से गिरदावरी के कार्य के दौरान, खेतो में जाने से जीव-जंतु या किसी विवाद में उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी भरपाई करने वाला कोई नहीं है। हमारी सरकार से मांग है कि वह हमारे मानदेय के साथ ही हमारे भविष्य के बारे में विचार करें।

## महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज का नरहरी पुण्योत्सव एवं महासम्मेलन रविवार को

### सम्मेलन से सामाजिक एकता एवं सौहार्दता का होता है परिचय

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज बालाघाट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नरहरी महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा, यह सम्मेलन स्वजातीय भाई- बहनों एवं आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में प्रतिवर्ष मानाया जाता है,सम्मेलन को लेकर महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष श्री अशोक फाये,एवं सचिव श्री एच. कावड़े ने जानकारी के दौरान बताया कि पिछले 19 वर्षों से महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज द्वारा पूर्णतः हर्षोल्लास के साथ स्वर्णकार भवन में मनाया जाता है,जो कि इस वर्ष भी रविवार को मनाया जाएगा ,जिसकी तैयारी विगत दो महीने से की जा रही है, जिसमे लगभग हर वर्ग के स्वजातीय बंधुओं के घरों में जाकर आमंत्रित करने का प्रयास किया गया है,साथ ही कार्यक्रम की जानकारी में बताया कि , मुख्य रूप से आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में पूज्य नरहरी महाराज की पूजन अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत होगी ,एवम मुख्य आकर्षण के स्वरुप में युवक - युवतियों का परिचय सम्मेलन एवम स्वजातीय मेधावी छात्र - छात्राओं को पुरूस्कृत किया जाना है ,साथ ही समाज को एकजुट एवं संगठित करने हेतु संगोष्ठी एवं विचार साझा किए जाएंगे ,समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वजातीय भाई- बहनों को सम्मानित किया जाएगा ,तत्पश्चात भोजन प्रसादी के साथ ही कार्यक्रम की समाप्ति होगी श्री फाये ने उक्त सम्मेलन में प्रतिवर्षानुसार अधिक से अधिक स्वजातीय भाई बहनों से उपस्थित होने की अपील की है।

अतिक्रमण हटाने को लेकर उपयंत्री व पूर्व पार्षद के बीच हुई गरमागरम बहस

# हाईकमान के आदेश को ही माना उपयंत्री ने, जय स्तम्भ की चौपाटी को हटाकर किया विस्थापित

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर में फैले हुए अतिक्रमण व जहॉ तहॉ लगे हुए ठेलों को हाईकमान के निर्देश पर व्यवस्थित करने में लगे हुए उपयंत्री सुमित मोटवानी के साथ शुक्रवार की शाम पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद पति विवेक विक्की एड़े के साथ उनकी गरमागरम बहस हो गई। लेकिन उसके बाद भी उपयंत्री मोटवानी ने जय स्तम्भ के पास लगी हुई चौपाटी के ठेलों को वहॉ से हटाकर नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय के बाजू में विस्थापित कर दिया।

उल्लेखनीय हैं कि हाईकमान के निर्देश पर गुरुवार को नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा उपयंत्री सुमित मोटवानी के नेतृत्व में गॉधी बाल उद्यान के सामने लगे हुए चौपाटी के ठेलों को हटवा कर नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय के बाजू में विस्थापित करवाया गया था। वहीं शुक्रवार को नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा नेहरु चौक से लेकर सेन्ट्रल बैंक के सामने तक तम्बू लगाकर व्यापार करने वाले छोटे-छोटे व्यापारियों के तम्बू उखड़वा दिए गए और उन्हें बिना तम्बू के सडक़ से दूर हटकर व्यापार करने की नसीहत दी गई।

इसके साथ ही सेन्ट्रल बैंक की लाईन से लेकर नेहरु चौक तक जिन मकान मालिकों व दुकानदारों ने अपनी दुकानों व मकानों के सामने टीन शेड लगाकर सीमेंट कांक्रीट सडक़ के समीप तक कब्जा जमा लिया था, उन टीन शेडों को हटवाने का कार्य भी किया। जिससे वहॉ से वाहनों व आने जाने वाले नागरिकों को सुविधा हो सके।

उसके बाद जब नगरपालिका का अमला जय स्तम्भ चौक से लेकर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के कार्यालय के सामने तक बनी हुई चौपाटी के ठेलों को हटाने के लिए आया, तो पूर्व पार्षद व वर्तमान पार्षद पति विवेक विक्की एड़े ने उन ठेलों को शुक्रवार को हटाने से रोकने की कोशिश की। उनका कहना था कि चौपाटी के ठेले वालों ने खाद्य सामग्री बना ली हैं, इसीलिए उन्हें आज व्यापार करने दिया जाए और कल शनिवार को उन्हें दूसरे स्थान पर व्यवस्थित कर दिया जाए।

लेकिन उपयंत्री सुमित मोटवानी ने स्पष्ट रुप से उनकी बात को मानने से इंकार करते हुए कहा कि सभी ठेलों का व्यवस्थापन आज ही होगा। जिसको लेकर दोनों के बीच जमकर गरमागरम बहस हुई। किंतु उपयंत्री ने उनकी बात को नहीं माना और सभी ठेलों को नवनिर्मित एसडीएम कार्यालय के बाजू में अन्य ठेले वालों के साथ ही व्यवस्थित करवा दिया।

## सरदार पटेल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियो ने जानी विधायी प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च के विद्यार्थियो ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश विधान सभा का भ्रमण कर विधानसभा के वर्तमान सत्र की कार्यवाही में भाग लिया इस दौरान विधेयकों के स्थापन तारांकित प्रश्न और शून्यकाल की कार्यवाही में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे।कार्यवाही के उपरांत मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा सचिव तथा विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों से मुलाकात कर उनके कामों की प्रक्रिया और विधानसभा के विभिन्न प्रावधानों तथा विशेषाधिकारों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति इंजीनियर दिवाकर सिंह प्रति कुलाधिपति वीरेश्वर सिंह कुलगुरू डॉ. बिप्लव पॉल कुलसचिव डॉ स्वाति जायसवाल डॉ. मंजीत सिंह, चन्द्रप्रताप सिंह, सुर्यप्रताप सिंह के मार्गदर्शन में विधि विभाग के 60 विद्यार्थियो का दल तीन दिवसीय विधानसभा भ्रमण कार्यक्रम के लिए भोपाल प्रवास पर गए हुए है।विधि विभाग के डॉ. माधुरी सिंह, कमलेश बिसेन शुभम कच्छवाहा, अभिषेक सिंह सिसोदिया, राहुल मिश्रा विधि विभाग के समस्त छात्र/छात्राऐ इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

किसानों के लिए बांध वरदान किंतु नदी के लिए अभिशाप

# राजीव सागर से पानी छोड़ने की मांग : बावनथड़ी नदी सूखी- जल स्रोतों, कृषि और मानव जीवन पर बना संकट



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई के लिए वर्षा आधारित बावनथड़ी नदी पर बना राजीव सागर बांध भंडारा और बालाघाट जिले के किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है. मगर, यह बांध बावनथड़ी नदी के लिए अभिशाप बनता हुआ नजर आ रहा है. जिले के सबसे बड़े इस बांध की नींव वर्ष 1975 में रखी गई थी और करीब 37 साल बाद यानी वर्ष 2012 में पहली बार बांध में जल संग्रहित किया गया था. जिसके बाद हर वर्ष इस बांध से किसानों की मांग अनुरूप नदी में पानी छोड़ा गया. जिससे किसान अपने खेतों में फसलों की सिंचाई करते है लेकिन इस वर्ष अब तक बांध का पानी नदी में नहीं छोड़ा गया है जिस कारण किसानों की फसल सूख रही है. अगर, समय पर फसल को पानी नहीं मिला तो किसानों को भारी नुकसान होगा. बांध का पानी बावनथड़ी नदी में नहीं छोड़े जाने से सिर्फ कृषि कार्य प्रभावित नहीं हो रही बल्कि नदी किनारे बसे करीब 50 से अधिक गांवों को भू-जल स्तर भी तेजी से गिर रहा है. नदी किनारे के गांवों के कुंओं, हैड़पंपों और अन्य जलस्रोतों ने दम तोड़ दिया है. इन गांवों में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. पठार संघर्ष समिति संयोजक आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े ने विभागीय अधिकारियों से तत्काल ध्यान देते हुए बांध का पानी नदी में छोड़ने की मांग की है. वह कहते है कि सरकार को मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए नदी के भीतर 5-5 किमी. के दायरे में चेक डेम का निर्माण करवाने की जरूरत है जिससे बावनथड़ी नदी का अस्तित्व भी बचा रहेगा और भू-जल स्तर बनाएं रखने में मदद भी मिलेगी।

वैसे तो विगत 10 वर्षों से आम जनता और किसानों की मांग को देखते हुए विभाग हर वर्ष अप्रैल और मई माह के अंत में राजीव सागर बांध का पानी बावनथडी नदी और नहरों में छोड़ता है. किंतु इस वर्ष अपेक्षाकृत कम बारिश होने से मार्च के महीने में ही जलस्त्रोतों ने दम तोड़ दिया है. पठार अंचल के ग्राम बड़पानी, मासुलखापा, कोड़बी, दिग्धा, आंजनबिहरी, बम्हनी, बोनकट्टा, हरदोली, पुलपुट्टा, छतेरा, चंद्रकुआ, टेकाड़ी, चिचोली, शंकर पिपरिया, डोंगरिया, मोवाड़ और महाराष्ट्र के करीब दर्जन भर गांवों के किसान बताते है कि वह बावनथडी नदी के भरोसे ही गन्ने और धान की खेती करते है।

# प्रियदर्शनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस बालाघाट ने मनाया तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव

### नाटक मंचन व डांस की दी सामूहिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





नगर के नूतन कला निकेतन में प्रियदर्शनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस बालाघाट का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रारंभ किया गया। इस मौके पर नाटक मंचन कर सामाजिक संदेश दिया तो किसी ने डांस कर अतिथियों का मनोरंजन किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों ने अपने विषय में प्रोजेक्ट प्रजेंटेशन किया, जिसका ऑब्जर्वेसन डॉ. शुभम लिल्हारे, डॉ. उमंग बघेल, डॉ. नीलय सिंदे, डॉ. रवि धामने ने किया। दूसरे दिन विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। तीसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रहा। डॉ. नीलय सिंदे और डॉ. मिलिंद चौधरी जिला आयुष अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की संचालिका दुर्गा वर्मा एवं संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा ने द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणेश वंदना के साथ पहला कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें गोंडी नृत्य की प्रस्तुति पर विद्यार्थियों ने समा बांधा। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव में पहले दिवस विद्यार्थियों ने अपने विषय से संबंधित कार्य पर प्रजेंटेशन दिया तथा दूसरे दिवस रंगोली, मेहंदी, ग्रीटिंग कार्ड, नीबू- चम्मच, बोरा दौड़, पेंसिल आर्ट, बुके, तोरण, प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में दिव्या पटले ने प्रथम स्थान पर रही। पायल बुराड़े, विनीता सोनेश्वर, रजनी भलावी, द्वितीय स्थान पर दीपाली एंड ग्रुप एवं तृतीय स्थान पर निकिता एंड ग्रुप ने अर्जित किया। इसके अलावा मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वीना तुमसरे, द्वितीय स्थान ज्योति कानतोड़े व तृतीय स्थान शिवानी शेंडे पर रही। ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संगीता बागड़े, द्वितीय स्थान तमन्ना टेम्भरे, तृतीय स्थान पायल बुराड़े ने प्राप्त किया।नींबू चम्मच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निकिता बाहेश्वर, द्वितीय स्थान दिव्या पटले तथा तृतीय स्थान पर रीना बिसेन ने प्राप्त किया। बोरा दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशीष दशहरिये व द्वितीय स्थान नंदनी फंडारकर पर रही।पेंसिल आर्ट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर तमन्ना टेम्भरे, द्वितीय स्थान पर अनुशिखा देशमुख, तृतीय स्थान पर दीपाली नगपुरे ने प्राप्त किया। तोरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिंस नगपुरे, योगेश बाहेश्वर, प्रशिक मेश्राम, हरिओम पंचेश्वर,द्वितीय स्थान कार्तिक नगपुरे, राजा डोहरे, सतीश वाहने व तृतीय स्थान आंचल, दुर्गा, मोनिका, चाहत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य डॉ. शिवरतन पवार, डॉ. निलय शिंदे, डॉ. भीकम लिल्हारे, ऋषराम वर्मा, डॉ. नूर मोहम्मद, शैलेश कटरे, अंजना विश्वकर्मा, नेहा खान, अजय सूर्यवंशी, विनय साहू, बी लाकरा, गौतम मेश्राम, मोनिका टेम्भरे, डॉ. ज्योति राहंगडाले, डॉ. खुमान सिंह राहंगडाले, वैशाली श्रीवास्तव, रश्मि बिसेन, सारिका लिल्हारे, डॉ. कंचन बिसेन, रोहन वर्मा, पायल वड़ाइकर, जिवेंद्र पांचे, संकेत चौधरी, ज्योति हटेवार, कोरियोग्राफर राहुल का सहयोग रहा।